सं. ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

***

नई दिल्ली, 31 दिसंबर, 2021

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को नवम्बर, 2021 माह के लिए आर्थिक कार्य विभाग के संबंध में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर मासिक सारांश के अवर्गीकृत भाग को इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अरूप श्याम

(अरूप श्याम चौधुरी)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष नं. 23095091

प्रति

1. केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली।
6. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव, पीएमओ, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली।
8. नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली के सभी सदस्य।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. वित्त राज्य मंत्री के प्रधान सचिव, वित्त सचिव के पीपीएस, सचिव (आ.का.) के पीपीएस, सचिव (राजस्व) के पीपीएस, सचिव (व्यय) के पीपीएस, सचिव (दीपम) के पीपीएस।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आ.का.वि.।
12. अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. सुश्री मीरा स्वरूप, एएस एवं एफए (वित्त)।
14. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आ.का.वि.
15. श्री रजत कुमार मिश्रा, अपर सचिव (बजट), आ.का.वि.।
16. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आ.का.वि.
17. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।
    वरिष्ठ सलाहकार (सीएवंसी/एफएसएलआर/एफएस और सीएस)/ संयुक्त सचिव (बीसी एवं आईईआर)/ संयुक्त सचिव (निवेश)/ सलाहकार (आईईआर) सीएए।
18. श्री राजेश मल्होत्रा, महानिदेशक (एम एवं सी), वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
19. गार्ड फाइल – 2021 ।

फा.सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

****

**विषयः नवंबर, 2021 माह के लिए आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर मासिक सारांश।**

**1. वृहद-आर्थिक सिंहावलोकन**

भारत की आर्थिक सुधार ने 2021-22 की दूसरी तिमाही (Q2) (जुलाई-सितंबर) में महामारी से पहले के अपने उत्पादन स्तर को पार करने के लिए और गति प्राप्त की। संक्रमण के मामलों में गिरावट, प्रतिबंधों में ढील और तेजी से टीकाकरण कवरेज ने रिकवरी को सहयोग किया गया था। 2021-22 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि 2020-21 की दूसरी तिमाही की तुलना में 8.4% रहने का अनुमान है। 2021-22 के पहली छमाही (क्यू1+क्यू2) में वृद्धि तदनुसार 2020-21 के पहली छमाही की तुलना में 13.7% है। इसके साथ, महामारी से पहले, वर्ष 2019-20 की पहली छमाही मे उत्पादन का 95.6% से अधिक रिकवर हो गया है। मांग पक्ष पर, 2021-22 की पहली छमाही में महामारी से पहले के स्तर की वसूली, निर्यात में 113% पर सबसे महत्वपूर्ण है। निजी खपत में पहली छमाही में रिकवरी 92.3% के करीब है। आपूर्ति पक्ष पर, 2021-22 की पहली छमाही में महामारी से पहले के स्तर की वसूली कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में 108% पर सबसे महत्वपूर्ण है और विनिर्माण में वसूली लगभग 99.9% है। खनन भारी बारिश के कारण हुए व्यवधान के कारण 2021-22 की पहली तिमाही की तुलना में दूसरी तिमाही में क्रमिक रूप से 14.0% कम हो गया। क्षेत्रवार विकास दर **अनुबंध** में दी गई है।

**2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रमः**

i. 1,2,5,10 और 20 रुपये के स्मारक सिक्के जारी करने हेतु दिनांक 08.11.2021 को राजपत्रित अधिसूचना सं.जी.एस.आर.सं. 783(ई) जारी किया गया है।

ii. हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय, कानपुर शताब्दी समारोह के अवसर को मनाने के लिए 100 रुपये के स्मारक सिक्का जारी करने हेतु दिनांक 18.11.2021 को राजपत्रित अधिसूचना सं.जी.एस.आर.सं. 806(ई) जारी किया गया है।

iii. नवंबर, 2021 के महीने के दौरान बहुपक्षीय और द्विपक्षीय विकास एजेंसियों के साथ कुछ मामलों में निम्नलिखित ऋण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और बातचीत की गई:

हस्ताक्षरित ऋण:

क) प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन परियोजना के तहत 'शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम को मजबूत करने' के लिए 300 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तपोषण के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ ऋण समझौता।

ख) आंध्र के लर्निंग ट्रांसफॉर्मेशन (एसएएलटी) परियोजना को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तपोषण के लिए विश्व बैंक (पुनर्निर्माण और विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंक) के साथ ऋण **समझौता**;

ग) औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम – उप कार्यक्रम-I के लिए 250 मिलियन अमरीकी डालर के अतिरिक्त वित्तपोषण के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ ऋण समझौता;

घ) अगरतला शहर शहरी विकास परियोजना के लिए 61 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तपोषण के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ ऋण समझौता;

**परक्रामित ऋण:**

क) राज्य शिक्षा कार्यक्रम में तेजी लाने के लिए 500 मिलियन अमरीकी डालर का वित्तपोषण तय हुआ;

ख) सतत शहरी विकास और सेवा वितरण कार्यक्रम के लिए 350 मिलियन अमरीकी डालर का वित्तपोषण तय हुआ;

ग) असम कौशल विश्वविद्यालय परियोजना के लिए 112 मिलियन अमरीकी डालर का वित्तपोषण तय हुआ।

iv. एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (एआईआईबी) के संशोधित पर्यावरण और सामाजिक ढांचे पर एक अभिविन्यास कार्यक्रम संयुक्त रूप से एआईआईबी और डीईए द्वारा 2 नवंबर, 2021 को आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य सरकारों और केंद्रीय विभागों के लगभग 150 तकनीकी अधिकारियों ने भाग लिया था।

**3. नवंबर, 2021 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं:**

i. माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इस माह के दौरान निम्नलिखित बैठकों में भाग लिया:

(क) 20 नवंबर, 2021 को गिफ्ट सिटी गांधीनगर में वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सभी सचिवों की एक टीम का नेतृत्व किया और जीआईएफटी सिटी (जीआईएफटीसीएल), अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) और अन्य हितधारकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र के रूप में गिफ्ट सिटी के विकास और वृद्धि मामलों पर चर्चा की।

(ख) 1 नवंबर, 2021 को विद्युत मंत्रालय, कोयला मंत्रालय एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के साथ और 2 नवंबर, 2021 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और इस्पात मंत्रालय के साथ पूंजीगत व्यय (सीएपीईएक्स) को बढ़ावा देने और पूंजीगत व्यय और समय पर बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

ग) निवेश, बुनियादी ढांचे और विकास को बढ़ाने और पोस्ट पेंडेमिक मजबूत रिकवरी के मद्देनजर देश में निवेश के माहौल को बढ़ाने के लिए 15 नवंबर, 2021 को वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्रियों, राज्यों के वित्त मंत्रियों / केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ बातचीत की।

ii. अवर सचिव (आर्थिक कार्य) ने 18 नवंबर, 2021 को भारत के साथ एमआईजीए करार पर डीईए, एमआईजीए और विश्व बैंक के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की।

iii. अतिरिक्त सचिव, डीईए ने इस माह के दौरान निम्नलिखित बैठकों में भाग लिया:

क) 2 नवंबर, 2021 को बैंक के वित्तीय मामले से संबंधित मामलों और जोखिम कम करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एनडीबी निदेशक मंडल की बैठक में भाग लिया।

ख) 11 नवंबर, 2021 को एआईआईबी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में भाग लिया, जिसमें बोर्ड ने चेन्नई सिटी पार्टनरशिप के लिए 150 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तपोषण चेन्नई मेट्रोपॉलिटन एरिया में शहरी सेवाओं के स्थायी और एकीकृत वितरण का समर्थनको मंजूरी दी ।

ग) 12 नवंबर, 2021 को भारत में वित्तीय परियोजनाओं में एमआईजीए करार पर आर्थिक कार्य विभाग और बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (एमआईजीए) के प्रतिभागियों के साथ एक आभासी बैठक की अध्यक्षता की।

घ) 15-17 नवंबर, 2021 को विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित वर्तमान परियोजनाओं की समीक्षा के लिए विश्व बैंक और पीआईए के साथ त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा आभासी बैठक की अध्यक्षता की।

ङ) 24 नवंबर, 2021 को भारत-जर्मन वार्षिक वार्ता बैठक में भाग लिया, जिसमें जर्मन पक्ष ने विभिन्न वित्तीय और तकनीकी सहयोग परियोजनाओं के लिए 1.29 बिलियन यूरो की प्रतिबद्धता जताई।

च) 25 नवंबर, 2021 को बैंकों के संचालन और निवेश परियोजनाओं पर विचार करने के लिए एआईआईबी निदेशक मंडल की बैठक में भाग लिया।

छ) 30 नवंबर, 2021 को बहुपक्षीय विकास बैंकों/द्विपक्षीय एजेंसियों से वित्तपोषण की मांग करने वाले प्रस्तावों पर विचार करने के लिए डीईए स्क्रीनिंग समिति की 122वीं बैठक की अध्यक्षता की।

iV. इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस (आईपीएसएफ) का वार्षिक आयोजन 4 नवंबर 2021 को ग्लासगो में सीओपी 26 की तर्ज पर आयोजित किया गया था। उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

V. वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की चार बैठकें नवंबर, 2021 में वित्तीय स्थिरता दृष्टिकोण, ऋण ओवरहैंग और कोविड -19 के डरावनें प्रभावों, कोविड-19 उपायों से बाहर निकलने, डिजिटल परिवर्तन और वित्तीय स्थिरता के लिए प्रभाव और एफएसबी

क) 2 नवंबर, 2021 को बैंक के वित्तीय मामले से संबंधित मामलों और जोखिम कम करने की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एनडीबी निदेशक मंडल की बैठक में भाग लिया।

ख) 11 नवंबर, 2021 को एआईआईबी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में भाग लिया, जिसमें बोर्ड ने चेन्नई सिटी पार्टनरशिप के लिए 150 मिलियन अमरीकी डालर के वित्तपोषण चेन्नई मेट्रोपॉलिटन एरिया में शहरी सेवाओं के स्थायी और एकीकृत वितरण का समर्थनको मंजूरी दी ।

ग) 12 नवंबर, 2021 को भारत में वित्तीय परियोजनाओं में एमआईजीए करार पर आर्थिक कार्य विभाग और बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (एमआईजीए) के प्रतिभागियों के साथ एक आभासी बैठक की अध्यक्षता की।

घ) 15-17 नवंबर, 2021 को विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित वर्तमान परियोजनाओं की समीक्षा के लिए विश्व बैंक और पीआईए के साथ त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा आभासी बैठक की अध्यक्षता की।

ङ) 24 नवंबर, 2021 को भारत-जर्मन वार्षिक वार्ता बैठक में भाग लिया, जिसमें जर्मन पक्ष ने विभिन्न वित्तीय और तकनीकी सहयोग परियोजनाओं के लिए 1.29 बिलियन यूरो की प्रतिबद्धता जताई।

च) 25 नवंबर, 2021 को बैंकों के संचालन और निवेश परियोजनाओं पर विचार करने के लिए एआईआईबी निदेशक मंडल की बैठक में भाग लिया।

छ) 30 नवंबर, 2021 को बहुपक्षीय विकास बैंकों/द्विपक्षीय एजेंसियों से वित्तपोषण की मांग करने वाले प्रस्तावों पर विचार करने के लिए डीईए स्क्रीनिंग समिति की 122वीं बैठक की अध्यक्षता की।

iv. इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म फॉर सस्टेनेबल फाइनेंस (आईपीएसएफ) का वार्षिक आयोजन 4 नवंबर 2021 को ग्लासगो में सीओपी 26 की तर्ज पर आयोजित किया गया था। उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

v. वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की चार बैठकें नवंबर, 2021 में वित्तीय स्थिरता दृष्टिकोण, ऋण ओवरहैंग और कोविड -19 के डरावनें प्रभावों, कोविड-19 उपायों से बाहर निकलने, डिजिटल परिवर्तन और वित्तीय स्थिरता के लिए प्रभाव और एफएसबी

के बारे में और 2022 में जी-20 एफएसबी डिलिवरेबल्स चर्चा करने के लिए आयोजित की गईं। उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

vi. 26वीं अर्ली वार्निंग ग्रुप (ईडब्ल्यूजी) की बैठक 30 नवंबर, 2021 को आयोजित की गई थी, जिसमें (क) नए कोविड संस्करण (ओमाइक्रोन) के बारे में विश्वव्यापी अलर्ट और यूरोप देश में महामारी के पुनरुत्थान के कारण 26 नवंबर को जोखिम वाली संपत्तियां गंभीर रूप से प्रभावित हुईं, (ख) निरंतर मजबूत मांग की तुलना में आपूर्ति से कच्चे तेल की कीमतें ऊंची रहने की संभावना है, (ग) इक्विटी मूल्यांकन उच्च बना रहेगा, (घ) एफपीआई प्रवाह में अस्थिरता का सामना करना पड़ रहा है, (ङ) एनबीएफसी और एचएफसी में बेमेल परिसंपत्ति-देयता से उत्पन्न होने वाले रोल-ओवर जोखिमों को कम करना । उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

vii. 9 नवंबर, 2021 को व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) निवेश अध्याय पर भारत और यूएई के बीच चर्चा का दौर आयोजित किया गया।

viii. द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर भारत और रूस के बीच 8वें दौर की चर्चा 12 नवंबर, 2021 को हुई।

ix भारत और अमरीका के बीच निवेश प्रोत्साहन समझौते (आईआईए) पर अंतिम दौर की वार्ता 18-19 नवंबर, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी।

x भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय निवेश (बीआईटी) पर पहले दौर की वार्ता 23 नवंबर, 2021 को हुई थी।

xi. भारत और कंबोडिया के बीच बीआईटी पर दूसरे दौर की वार्ता 24 नवंबर, 2021 को हुई।

xii. भारत में न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए 7वीं त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक (टीपीआरएम) 17 नवंबर, 2021 को 1615 वर्तमान परियोजनाओं और पाइपलाइन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

xiii. भारत में एआईआईबी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए छठी त्रिपक्षीय पोर्टफोलियो समीक्षा बैठक (टीपीआरएम) 16 नवंबर, 2021 को 19 वर्तमान परियोजनाओं और 20 पाइपलाइन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में सरकार के प्रतिनिधि ने भाग लिया।

**4. न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन**

विशेष रूप से सूचना प्रस्तुत करने में आईसीटी के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**5. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न करना**

शून्य

**6. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्ताव और विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति:**

विभाग में स्वीकृति का इंतजार : 13

(अनुबंध)

| सारणी 1: सकल घरेलू उत्पाद और उसके घटकों के मांग पक्ष में वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| अवयव | **2020-21 की दूसरी तिमाही की तुलना में वृद्धि** | **2021-22 की पहली तिमाही की तुलना में वृद्धि** | **2019-20 की पहली छमाही तुलना में रिकवरी** |
| कुल खपत | 8.6 | 4.8 | 92.7 |
| सरकारी खपत | 8.7 | (-) 14.2 | 94.7 |
| निजी खपत | 8.6 | 9.2 | 92.3 |
| कुल स्थिर पूंजी निर्माण | 11.0 | 11.8 | 91.8 |
| स्टॉक में बदलाव | 2.7 | 7.8 | 102.1 |
| कीमती सामान | 183.3 | 603.6 | 155.1 |
| निर्यात | 19.6 | 8.4 | 113.0 |
| आयात | 40.6 | 16.8 | 104.8 |
| **सकल घरेलू उत्पाद** | **8.4** | **10.4** | **95.6** |
| स्रोतः राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, एमओएसपीआई। | | | |

| सारणी 2: आपूर्ति पक्ष पर जीवीए और उसके घटकों की वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| क्षेत्र | **2020-21 की दूसरी तिमाही की तुलना में वृद्धि** | **2021-22 की पहली तिमाही की तुलना में वृद्धि** | **2019-20 की पहली छमाही तुलना में रिकवरी** |
| **कृषि और संबद्ध क्षेत्र** | **4.5** | **(-) 16.2** | **108.0** |
| **उद्योग** | **6.9** | **5.9** | 98.6 |
| खनन और उत्खनन | 15.4 | (-)14.0 | 102.5 |
| उत्पादन | 5.5 | 7.9 | 99.9 |
| बिजली, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 8.9 | 5.2 | 107.2 |
| निर्माण | 7.5 | 8.7 | 92.1 |
| **सेवाएं** | **10.2** | **16.2** | **92.6** |
| व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं | 8.2 | 24.9 | 80.1 |

| |
|---|
| स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 15.11.2021 के अनुसार अनंतिम डेटा। |

| तालिका 7: भुगतान संतुलन | | |
|---|---|---|
| मद | **2020-21** (अप्रैल-जून) | **2021-22** (अप्रैल-जून) (अ.) |
| चालू खाता शेष (अरब अमेरिकी डॉलर में) | 19.1 | 6.5 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत) | 3.7 | 0.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | |

| तालिका 8: विदेशी मुद्रा भंडार (अमेरिकी बिलियन डॉलर में) | |
|---|---|
| मार्च अंत, **2021** | 577.0 |
| **19.11.2021** | 640.4 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

| तालिका 9: भारतीय रुपये की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपया) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमेरिकी डॉलर | पौंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| **18.11.2021** | 74.1552 | 100.0482 | 83.9190 | 64.9100 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

| तालिका 10: बाह्य ऋण (अरब अमेरिकी डॉलर) | | | |
|---|---|---|---|
| | जून **2020** के अंत में पीआर(1) | जून **2020** के अंत में पीआर(2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बाह्य ऋण बकाया | 555.2 | 571.3 | 2.9 |
| स्रोत: जून **2021** के अंत में बाह्य ऋण पर त्रैमासिक रिपोर्ट, आरबीआई। | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाएं | 7.8 | 7.0 | 98.2 |
| लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं | 17.4 | 24.7 | 101.1 |
| **मूल कीमतों पर जीवीए** | **8.5** | **7.9** | **96.3** |
| स्रोतः राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, एमओएसपीआई। | | | |

| सारणी 3: मुद्रास्फीति - सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | **अक्तूबर 2020** | **सितम्बर 2021** | **अक्तूबर 2021** |
| **सीपीआई-सी** | 7.61 | 4.35 | 4.48 |
| **डब्ल्यूपीआई** | 1.31 | 10.66 | 12.54 |

स्रोतः सीपीआई-सी और ओईए के लिए एनएसओ, डब्ल्यूपीआई के लिए डीपीआईआईटी

नोटः पिछले दो महीनों के लिए डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| सारणी 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | **19.11.2021** |
| पॉलिसी रेपो रेट | 4.0 |
| 10-वर्ष जी-सेक पार यील्ड (एफबीआईएल) | 6.34 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 7.1 |
| नोटः # 5.11.2021 तक | |

| सारणी 5: पण्य व्यापार प्रदर्शन (सीमा शुल्क के आधार पर) (अरब अमेरिकी डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार का संतुलन |
| अक्टूबर 2021 | 35.7 | 55.4 | (-) 19.7 |
| अक्टूबर 2020 | 24.9 | 34.1 | (-) 9.2 |

| सारणी 6: सेवा व्यापार प्रदर्शन (अमेरिकी बिलियन डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | 20.7 | 12.2 | 8.5 |

| तालिका 11: औद्योगिक उत्पादन हाइलाइट्स<br>मासिक वृद्धि (साल दर साल) प्रतिशत में | | | |
|---|---|---|---|
| औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक (आईआईपी) | **जुलाई 2020** | **अगस्त 2020** | **सितम्बर 2020** |
| | (-) 10.5 | (-) 7.1 | 1 |
| | **जुलाई 2021** | **अगस्त 2021** | **सितम्बर 2021** |
| | 11.5 | 11.9 | 3.1 |

| तालिका 12: आठ प्रमुख उद्योग<br>मासिक वृद्धि (साल दर साल) प्रतिशत में | | | |
|---|---|---|---|
| | **अगस्त 2020** | **सितम्बर 2020** | **अक्तूबर 2020** |
| आठ प्रमुख उद्योग (आईसीआई) | (-) 6.9 | 0.6 | (-) 0.5 |
| | **अगस्त 2021** | **सितम्बर 2021** | **अक्तूबर 2021** |
| | 11.5 | 4.5 | 7.5 |

****